RNI No.-UPHIN2016/70155

KD NEWS आज कल तक

# के.डी.न्यूज

हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष–03 अंक–46 सुलतानपुर, 14 अप्रैल 2019 पृष्ठ : 08 मूल्य : 3.00 रुपये

## चौकीदार ने लाल बत्ती हटाई और गरीबों के घर सफेद बत्ती जलाई : पीएम मोदी

भागलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को गरीबों के लिए समर्पित सरकार बताया और कहा कि चौकीदार ने लाल बत्ती का रौब खत्म कर गरीबों के घर में सफेद बत्ती जलाई है तथा उनके चूल्हे चौके का भी ध्यान रखा। मोदी ने आज यहां एयरपोर्ट मैदान में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''70 साल तक आपने लाल बत्ती के रौब को बढ़ते देखा, लेकिन गरीब के घर बत्ती



जले, इसकी चिंता नहीं की गई। आपके इस चौकीदार ने लाल बत्ती हटाई और गरीबों के घर सफेद बत्ती जलाई है। नेताओं को अपने आंगन तक चकाचक सड़क पहुंचाते तो आपने बहुत देखा, बिहार के गांव–गांव तक सड़कें पहुंचाने का बीड़ा इस चौकीदार और उसके साथियों ने उठाया है। बड़े–बड़े फार्म हाउस वाले, महल जैसे बंगले बनाने वाले नामी–बेनामी संपत्ति खड़े करने वाले भी आपने बहुत देखे हैं। उनसे अलग, आपके इस चौकीदार ने आपके चूल्हे–चौके का ध्यान रखा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बड़े अस्पताल सिर्फ अमीर की पहुंच में होते थे, लेकिन अब गरीब भी आयुष्मान हो सकता है और उसको भी पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकता है। यह इस प्रधानसेवक ने कर दिखाया और यह सब तब हो पाया, जब जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने इस प्रधानसेवक को बीते पांच साल जो सेवा का मौका दिया है, उसके कारण ही नामुमकिन भी अब मुमकिन हो गया है। पांच वर्षों में ऐसे–ऐसे काम हुए हैं जो पहले कोई सोच भी नहीं सकता था।

### जिला संवाददाता/संवाददाता की सूची

**सुलतानपुर–** आर्यन मिश्र रामसहाय, उमेश शर्मा, इम्तियाज खान
**फैजाबाद–** राजेश कुमार मिश्र, सत्यदेव दुबे
**बाराबंकी–** सैफ मुख्तार, शिवम तिवारी
**फतेहपुर–** ......................
**बिजनौर–** ......................
**गोंडा–** लालबाबू उर्फ लल्ला पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार पांडेय, दुर्गेश कुमार शर्मा
**हरदोई–** ......................
**रायबरेली –** देवी प्रकाश
**प्रयागराज–** ......................
**अमेठी –** चंदन दूबे


**आवश्यकता है**

के.डी.न्यूज समाचार पत्र/पोर्टल हेतु ब्लाक संवाददाता, व तहसील संवाददाता की आवश्यकता है।

–सम्पादक
**के.डी.न्यूज**
मो. 9415739288, 9721748962

## राहुल के पास अमेठी के लिए वक्त नहीं है, विकास का कोई प्रस्ताव नहीं दिया : योगी आदित्यनाथ

### अमेठी चार पीढ़ी से मुक्ति के लिए तरस रही थी, आज से अमेठी की मुक्ति की शुरुआत





लखनऊ/अमेठी/अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अमेठी में स्मृति ईरानी के रोड शो में शामिल हुए इसके साथ ही उन्होंने अलीगढ़ में दो जगह जनसभाओं को भी संबोधित किया। स्मृति ईरानी के रोड शो के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जगह जगह लोगों को अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल के पास अमेठी के लिए वक्त नहीं हैं और उन्होंने अमेठी के विकास के लिए कभी प्रस्ताव नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अमेठी चार पीढ़ी से मुक्ति के लिए तरस रही थी। आज से अमेठी की मुक्ति की शुरुआत। पहले चरण की आठ सीटों पर बीजेपी की जीत होगी। कांग्रेस जो दो पीढ़ी में नहीं कर पाई, हमने दो सालों में किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में दो जगह जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय केंद्र की मदद से चल रहा है। अल्पसंख्यक का दर्जा नहीं मिला है। इसलिए एएमयू में दलित–पिछड़ों को आरक्षण मिलना चाहिए। इन्हें आरक्षण दिलाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं। यही नहीं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में देश के विभाजन के जनक जिन्ना की तस्वीर लगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सीएम कल्याण सिंह की धरती से देश के टुकड़े –टुकड़े करने वालों को सबक सिखाने की आवाज उठनी चाहिए। कल्याण सिंह ने ही श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए कुर्सी छोड़ी। उन्होंने कहा कि जो काम पूर्व की सरकार नहीं कर सकीं, वह मोदी सरकार ने कर दिखाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में चीन आंखे दिखाता था, उसे हमने डोकलाम में खदेड़ा और बालाकोट में पाकिस्तान को घुसकर मारा। कांग्रेस सरकार में पाक हमारे सैनिकों के सिर काटकर भेजता था, लेकिन हमने उसे करारा जवाब दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में कहा जाता था कि देश के पैसे पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है लेकिन देश में भाजपा सरकार आने पर देश के पैसे पर पूरे देश की जनता का अधिकार है। सबका साथ सबका विकास की नीति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में मोदी जी के नाम का शोर है, दुनिया भी यह मान चुकी है और दुनिया कहती है कि भारत मे मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सपा, कांग्रेस और बसपा सहित सभी दलों के समय जो नामुमकिन था वह मोदी के समय में मुमकिन है।

## हाथी का बटन दबाने पर कमल को पड़ रहा वोट, वोटरों ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

बिजनौर। लोकसभा चुनाव के पहले ही चरण में ईवीएम मशीनों पर गड़बड़ी का आरोप लगा है। मामला यूपी के बिजनौर संसदीय क्षेत्र के मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के गांव कसौली का है। जहां पर मतदाताओं ने हाथी का बटन दबाने पर फूल की पर्ची आने का आरोप लगाया है। गठबंधन प्रत्याशी मलूक नागर ने भी मौके पर पहुंच कर आरोप लगाया है कि कक्ष संख्या 16 के बूथ नंबर 2 पर चौथा और पांचवां वोट हाथी को दबाने पर कमल को जा रहा है। कई बार तो लगातार हाथी का बटन दबाने पर कमल को वोट जाने का आरोप लगा है। ईवीएम को लेकर सवाल खड़ा हो जाने पर लोगों ने इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग से भी की है। गठबंधन प्रत्याशी मलूक नागर ने आरोप लगाया है कि मुस्लिम और दलित क्षेत्रों में जानबूझकर ईवीएम मशीनों को खराब किया जा रहा है। जिससे भाजपा को फायदा पहुंचाया जा सके। गठबंधन समर्थकों ने चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत चुनाव आयोग से की है। गड़बड़ी के लग रहे आरोपों पर वहां मौजूद अधिकारियों ने सफाई दी है। अधिकारी मामले को सिरे से नकारते हुए इसे आपसी गुटबाजी का बता रहे हैं। फिलहाल ईवीएम में गड़बड़ी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का अमला कसौली के लिए रवाना हो चुका है।

गौरतलब है कि 2014 लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया कि किसी भी पार्टी का बटन दबाने पर वोट बीजेपी को जा रहा है। इसी तरह का एक मामला मध्य प्रदेश में देखने को मिला। अधिकारियों के सामने इस तरह का मामला देखने को मिला। मध्य प्रदेश में ईवीएम हैकिंग के मामले से देशभर में इस पर कई तरह के सवाल खड़ा किए गए।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली प्रचंड जीत पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी ईवीएम पर सवाल खड़ा किया और चुनाव आयोग को चित्र्ठी लिखी। विपक्ष की इस मांग पर और ईवीएम की विश्वसनियता को बरकरार रखने के लिए चुनाव आयोग ने इस पर कड़ा संज्ञान लिया। चुनाव आयोग ने फैसला लिया कि इस बार का लोकसभा चुनाव वीवीपैट के कराया जाएगा। अब इसमें भी लोगों ने गड़बड़ी की शिकायत की है।

## सम्पादकीय

# राष्ट्रीय राजनीति में आदिवासी

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने वरिष्ठ आदिवासी नेता कड़िया मुंडा को टिकट नहीं दिया। कड़िया मुंडा ने हमेशा की तरह विनम्रतापूर्वक अपनी पार्टी के निर्णय को स्वीकार कर लिया और कहा कि वे अब फिर से अपने खेतों में हल–बैल के साथ समय गुजारेंगे। ऐसे समय में जब राजनीति का अपराधीकरण होता जा रहा है, कड़िया मुंडा की सादगी एक मिसाल है। वे भारतीय राजनीति के राष्ट्रीय परिदृश्य में ऐसे आदिवासी नेता हैं, जो लोकसभा के उपाध्यक्ष भी रहे। इसके बावजूद एक सवाल हमेशा उनका पीछा करता रहेगा कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी छवि का प्रभाव क्या है? क्या उनकी छवि उनके ही दल के अन्य कद्दावर नेताओं के समक्ष खड़ी की जा सकती है? या कभी मीडिया ने उनके राष्ट्रीय व्यक्तित्व को उभारने की कोशिश की? यह सवाल सिर्फ कड़िया मुंडा से जुड़ा सवाल नहीं है।यह सवाल दिवंगत वरिष्ठ नेता पीए संगमा से भी जुड़ा हुआ है, जो लोकसभा के अध्यक्ष भी रहे। यह सवाल हर आदिवासी नेता का पीछा करता है। सवाल राष्ट्रीय राजनीति में आदिवासी मुद्दा और उनके नेतृत्व का है। देश की संसदीय राजनीति में हमें राष्ट्रीय छवि का कोई आदिवासी नेता दिखायी नहीं देता, जो संपूर्ण भारत के आदिवासी समुदायों का प्रभावी चेहरा हो। यह विडंबना ही है कि जयपाल सिंह मुंडा के बाद संसदीय राजनीति में राष्ट्रीय छवि का प्रभावी आदिवासी नेतृत्व उभर कर नहीं आया। भले ही उन्होंने अलग झारखंड राज्य की मांग को अपनी राजनीति के केंद्र में रखा था, लेकिन उनकी वैचारिकी आदिवासियत की थी, जो देश के विभिन्न समुदायों में बंटे आदिवासियों को संबोधित करती थी। वे न केवल पूर्वोत्तर के आदिवासी समुदायों से जुड़े रहे, बल्किनागा समस्या को हल करने में भी उन्होंने सक्रिय पहल की। उन्होंने नागा विद्रोहियों के शीर्ष नेता जापू फिजो से भी बात की और उन्हें हमेशा सलाह दी कि नागाओं को भारतीय राज्य के अंदर ही अपनी अधिकतम स्वायत्तता को सुनिश्चित करने की लड़ाई लड़नी चाहिए। जयपाल सिंह मुंडा न सिर्फ आदिवासी पक्ष को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रख रहे थे, बल्कि उनका प्रभाव नेहरू और कांग्रेस के अन्य नेताओं पर था। कांग्रेस उनके नेतृत्व के उभार और लोकप्रियता से हमेशा चिंतित रही। जब उनके द्वारा गठित 'आदिवासी महासभा' 'झारखंड पार्टी' के रूप में तब्दील होकर 1952 के चुनाव में उतरी, तो उसने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए न केवल लोकसभा की तीन सीटों पर जीत हासिल की, बल्कि उसने बिहार विधानसभा की तैंतीस सीटों को भी जीत लिया था। उसके इस प्रदर्शन ने राष्ट्रीय दलों की नींद उड़ा दी थी। कांग्रेस को इससे सबसे बड़ा धक्का लगा था। जयपाल सिंह मुंडा जिस तरह राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावी होकर हस्तक्षेप करते रहे, वह आगे चलकर आदिवासी नेताओं से क्यों नहीं संभव हो पाया? कुछ समय के लिए शिबू सोरेन में इसकी झलकी मिली थी, लेकिन वे बहुत दूर तक प्रभावी सिद्ध नहीं हो सके। नेतृत्व के विचार के साथ ही जुड़ा हुआ एक और सवाल है। क्या बिना आदिवासी मुद्दों के राजनीतिकरण के राष्ट्रीय नेतृत्व का उभार संभव है? जयपाल सिंह मुंडा, जापू फिजो या शिबू सोरेन की लोकप्रियता की वजह यह रही कि इन्होंने आदिवासी मुद्दों को राष्ट्रीय फलक पर उभारा। झारखंड राज्य की मांग का मुद्दा राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावकारी रहा। उसी तरह जापू फिजो के नेतृत्व में उठी नागाओं की मांग भी राष्ट्रीय मुद्दा बनी। कथित मुख्यधारा की दिकू राजनीति तो आदिवासी मुद्दों को हमेशा उपेक्षित करती रही। बाद के दिनों में क्षेत्रीय आदिवासी राजनीति के प्रतिनिधि भी आदिवासी मुद्दों को चिन्हित करने में सफल नहीं हुए, जबकि आजादी के बाद आदिवासी समाज सबसे ज्यादा अस्मिता और अस्तित्व संकट से घिर गया। वह विकास की मार, जल, जंगल और जमीन की लूट, विस्थापन, पलायन और राजकीय हिंसा का शिकार बना। इस तरह के आदिवासी मुद्दों को राजनीतिक दलों द्वारा उपेक्षित करने का परिणाम यह हुआ कि आदिवासी समाज का मजबूत जुड़ाव गैर–संसदीय राजनीति यानी नक्सल आंदोलनों के साथ हो गया। आदिवासी मुद्दों को तो कभी राष्ट्रीय दलों ने ईमानदारी से उठाया ही नहीं। सामाजिक न्याय की राजनीति करनेवाले राजनीतिक दल भी आदिवासियों को अपने एजेंडे में शामिल नहीं करते। उन पर लगनेवाले फर्जी देशद्रोह के मुद्दों तक पर भी चुप रहते हैं। तो क्या यह समझा जाये कि संसदीय राजनीति में दिकू विचार की तरह आदिवासी समाज को उपेक्षित ही माना जाता है?या, लोकतंत्र की बहुमत वाली राजनीति में बड़ा वोट बैंक न होने से आदिवासी समाज का कोई मुद्दा नहीं है? क्या बड़ा वोट बैंक ही किसी भी नेतृत्व को राष्ट्रीय राजनीति के शीर्ष पर बैठाने में सक्षम है? अगर ऐसा है, तो फिर इस लोकतंत्र में देश की आबादी में आठ प्रतिशत वाले आदिवासी समाज का भविष्य क्या होगा?राष्ट्रीय राजनीति में आदिवासी नेतृत्व और मुद्दों की मांग को जातिवादी मांग नहीं माना जाना चाहिए। यह हमारे लोकतंत्र के भागीदारी करने और प्रतिनिधित्व के सिद्धांत पर आधारित है। इसी सिद्धांत के आधार पर लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लिए कुल 545 सीटों में से 47 सीट आरक्षित हैं। अब जबकि चुनाव में उम्मीदवारों के निजी व्यावसायिक हित एवं दलों के एजेंडे इस सिद्धांत के ऊपर हावी हो गये हैं, ऐसे में आदिवासियों के मुद्दे फिर से गौण हो गये हैं। यह संसदीय व्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है।



# असहमति का हक ही लोकतंत्र की जान है

अंकित ''राधे''

नागरिक अधिकार व अभिव्यक्ति की आजादी ही एक सभ्य व परिपक्व लोकतंत्र की पहचान होती है। सहमति का विवेक और असहमति का अधिकार ही लोकतंत्र की असली ताकत है। आज कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में यदि धारा 124 ए को समाप्त करने व सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा) पर पुनर्विचार की बात कर रही है तो इसे अच्छा संकेत कहा जा सकता है। राहुल गांधी की यह पहल 100 साल पहले अंग्रेजों द्वारा रॉलेट एक्ट के जरिए नागरिक अधिकारों पर पाबंदी लगाने की मंशा के खिलाफ कांग्रेस के पुरजोर विरोध की याद दिलाता है जिसके चलते जालियांवाला बाग नरसंहार हुआ था। 100 बरस हो गए जालियांवाला बाग निर्मम हत्याकांड को। जालियांवाला बाग हमारे स्वतंत्रता संग्राम की सबसे दर्दनाक घटना है और अंग्रेजों की क्रूरता और जुल्म के सबसे शर्मनाक एपिसोड में से एक है। जालियांवाला बाग की 100वीं बरसी को याद करते हैं तो इसके मूल में नागरिक अधिकार एवं अभिव्यक्ति की आजादी व असहमति का हक ही मुख्य मुद्दा कहा जा सकता है जिसकी रक्षा के लिए लोगों ने कुर्बानियां दीं। 100 साल पहले 1919 में इस रॉलेट एक्ट के तहत अंग्रेजी हुकूमत को यह अधिकार प्राप्त हो जाता कि वह किसी भी भारतीय पर अदालत में बिना मुकदमा चलाए और बिना सुनवाई उसे जेल में बंद कर सकती थी। इस कानून के तहत अपराधी को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने वाले का नाम जानने का अधिकार भी समाप्त कर दिया गया था। आज से 100 साल पहले महात्मा गांधी के नेतृत्व में रॉलेट एक्ट का कांग्रेस ने देशव्यापी विरोध किया था। रॉलेट एक्ट के खिलाफ पंजाब में जबरदस्त विरोध हुआ और जालियांवाला बाग के पहले कुछेक स्थानों पर अंग्रेजों ने आंदोलनकारियों पर गोलियां भी चलाई थीं। इसी का जायजा लेने जब महात्मा गांधी पंजाब जा रहे थे तो उन्हें रोककर गिरफ्तार कर लिया गया। यहां यह जानना भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत की आजादी के आंदोलन में गांधीजी की यह पहली गिरफ्तारी थी। रॉलेट एक्ट के देशव्यापी विरोध की कड़ी में पंजाब में कांग्रेस के अग्रणी नेता सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। नेताओं की गिरफ्तारी और रॉलेट एक्ट के खिलाफ अमृतसर के जालियांवाला बाग में 13 अप्रैल बैसाखी के दिन विरोध प्रकट करने आहूत आम सभा के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे। यह आंदोलन पूरी तरह अहिंसक था मगर जनरल डायर ने चारों ओर से घेरकर चेतावनी दिए बिना निहत्थी व अहिंसक भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलवाईं जिसमें लगभग हजार से ज्यादा लोग शहीद हो गए थे और हजारों घायल हुए थे। उल्लेखनीय है कि जालियांवाला बाग नरसंहार के विरोध में ही गुरुवर रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अंग्रेजों द्वारा प्रदत्त 'सर' की उपाधि वापस की थी। आज भी अंग्रेज इस घटना के लिए नैतिक रूप से माफी मांगने तैयार नहीं हैं। घटना के 60 साल बाद महारानी एलिजाबेथ ने और कुछ साल पहले ही प्रधानमंत्री कैमरून ने शहीदों को श्रद्धांजलि देकर औपचारिकता निभाई। ऐसा नहीं है कि इसके पहले अभिव्यक्ति की आजादी व नागरिक अधिकारों को कुचलने के लिए कोई कानून नहीं था। धारा 124ए तब भी थी, वही धारा 124ए जिसे आज कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में प्रमुखता से समाप्त करने का वादा कर रही है। धारा 124 ए दंड संहिता में 1870 में शामिल की गई। धारा 124ए के बारीक पहलुओं व महीन व्याख्याओं पर तो कानूनविद व विद्वान ही अपनी राय दे सकेंगे मगर मोटे तौर पर एक आमजन के लिए यह समझना काफी है कि यह धारा कहती है कि अगर कोई भी व्यक्ति भारत की सरकार के विरोध में सार्वजनिक रूप से ऐसी किसी गतिविधि को अंजाम देता है जिससे देश के सामने सुरक्षा का संकट पैदा हो सकता है तो उसे उम्र कैद तक की सजा दी जा सकती है साथ ही इन गतिविधियों का समर्थन करने, प्रचार–प्रसार करने पर भी किसी को देशद्रोह का आरोपी माना जा सकता है। इन गतिविधियों में लेख लिखना, पोस्टर बनाना और कार्टून बनाना जैसे वे रचनात्मक काम शामिल हैं जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बुनियादी आधार हैं। यह सबसे पहले जनचर्चा में तब आई जब 1908 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने अपने समाचार पत्र केसरी में एक लेख लिखा जिसका शीर्षक था–श्देश का दुर्भाग्यश, जिस पर इस धारा के तहत उन्हें छह साल की सजा सुनाई गई। आजादी के आंदोलन के दौरान इस धारा का इस्तेमाल महात्मा गांधी, भगत सिंह जैसे कई सेनानियों पर किया जाता रहा। आश्चर्य की बात है कि इस धारा से लगातार जूझने के बावजूद आजादी के पश्चात भी इसे समाप्त नहीं किया गया। शासित से शासकों में तब्दील होते ही आजाद भारत में भी सभी सत्तासीन ताकतों ने अपनी सत्ता को बचाए रखने के लिए इस धारा का बहुत बेदर्दी से इस्तेमाल किया है। कुछ समय पहले छात्र नेता कन्हैया कुमार की गिरफ्तारी के बाद इस धारा को लेकर एक बार फिर देश भर में बहस उठी। दरअसल धारा 124 ए में प्रावधान इतने अस्पष्ट हैं कि इनकी आड़ लेकर लोगों को आसानी से देशद्रोह का आरोपी बनाया जा सकता है। आजादी के बाद भी इस धारा के तहत बहुत से लोगों को इन्हीं अस्पष्ट प्रावधानों की आड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें सामाजिक कार्यकर्ता, नेता, आंदोलनकारी, पत्रकार, अध्यापक, छात्र छत्तीसगढ़ में तो सबसे ज्यादा प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों के निरीह व निर्दोष आदिवासी शामिल हैं। ये लोग बरसों जेल में सड़ते रहते हैं और गरीब आदिवासियों की तो कोई सुनवाई भी नहीं होती। सवाल ये है कि इन गतिविधियों से पैदा होने वाले खतरे का आंकलन कैसे किया जाय। हालांकि 1962 में सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला धारा 124 ए के दायरे को लेकर कई बातें साफ कर चुका है, लेकिन आज भी इस धारा को लेकर अंग्रेजों की राह का ही अनुसरण किया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस धारा को जारी रखने का उद्देश्य सरकार के खिलाफ बोलने वालों को सबक सिखाना ही है जो अंग्रेजों से लेकर आज तक बदस्तूर जारी है। ऐसा भी नहीं है कि देशद्रोह या आतंकवाद के खिलाफ इसके अलावा कोई और धारा भी नहीं है। रासुका, पोटा के अलावा सीमावर्ती प्रांतों में तो सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा)जैसी प्रभावशाली धाराएं लगातार जारी हैं, जिसे लेकर शर्मिला इरोम लगातार 16 वर्षों तक अनशन करती रहीं मगर किसी भी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगीं। अतः भाजपा की इस दलील में कोई दम नहीं कि 124 ए खत्म कर देने या सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा) पर पुनर्विचार से आतंकवाद व देशद्रोहियों को मदद मिलेगी। अपने जन्म से ही धारा 124ए शासकों के लिए मुफीद, सुविधाजनक व आसान हथियार की तरह रही है जिस पर शासक वर्ग को कोई ज्यादा विरोध का सामना नहीं करना पड़ता। इसके बावजूद यदि राहुल गांधी नए परिदृश्य व परिस्थितियों में एक नई सोच के साथ धारा 124ए को समाप्त करने व सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा) पर पुनर्विचार की बात कर रहे हैं तो हर समझदार व संवेदनशील व्यक्ति को इसका स्वागत तो करना ही चाहिए साथ साथ इसे समाप्त करने के लिए दबाव भी बनाना चाहिए क्योंकि ये धाराएं संविधान की उस भावना के खिलाफ भी है, जिसके तहत लोकतंत्र में किसी भी व्यक्ति को अपनी असहमति जताने का हक हासिल है। महज बाजारीकरण के ही सारे रास्ते खोल देने से ही नहीं, बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों, असहमति का हक व अभिव्यक्ति की आजादी के संरक्षण से ही नए भारत में स्वस्थ लोकतंत्र की राह मजबूत हो सकेगी।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध की कार्यवाही

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2019 मथुरा मे जनपद सुलतानपुर से लगे पुलिस बल (उपनिरीक्षक–38,मुख्य आरक्षी–14,आरक्षी–294 )को पुलिस लाईन सुलतानपुर मे लोकसभा चुनाव को सकुशल समपन्न कराने हेतु ब्रीफ किया गया। ब्रिफिंग के दौरान,क्षेत्राधिकारी नगर ,क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर व चुनाव कार्यालय प्रभारी निरीक्षक राम जी चौधरी मौजुद रहे ब्रिफिंग के बाद पुलिस बल को उ0नि0 श्रीपाल सिंह के नेतृत्व मे जनपद मथुरा के लिये रवाना किया गया। जनपद में शांति व्यवस्था भंग किये जाने के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के अन्तर्गत, थाना कोतवाली नगर से 04,थाना मोतिगरपुर से 01, थाना करौंदीकला से 03 ,थाना गोसाईंगंज से 01,थाना जयसिंहपुर से 02,थाना अखण्डनगर से 02,थाना कुडवार से 03 थाना चाँदा से 09 व्यक्ति कुल 25 व्यक्तियो का अलग–अलग प्रकरण के सम्बन्ध में शांति व्यवस्था भंग करने के सम्बन्ध में चालान कर मा0 न्यायालय पेश किया गया।थाना अखण्डनगर के द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2019 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के अन्तर्गत थाना अखण्डनगर पुलिस द्वारा नयायालय के वारण्ट पर हिस्ट्रीशीटर रमेश तिवारी पुत्र जिलाजीत तिवारी नि0टिकरी थाना अखण्डनगर को 01 अदद देशी तमंचे 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतुस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान किया गया । मु0अ0स0 131/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट ।थाना हलियापुर के अन्तर्गत थाना हलियापुर पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर चल रहे अभियुक्त राजकुमार पुत्र स्व0 माता प्रसाद नि0 फत्तेपुर थाना हलियापुर को गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान कर जेल भेजा गया। अबियुक्त जिलाबदर होने के बावजूद घर पर निवास कर रहा था। मु0अ0स0 60/19 धारा 4/10 यू0पी0 गुण्डा अधीनियम। थाना हलियापुर पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमे मे लोअर कोर्ट न्यायालय से 05 वर्ष कि सजा पाये अभियुक्त श्याम सिंह पुत्र स्व0 शिवदुलारे नि0 कोटवा कापा थाना हलियापुर को हाईकोर्ट के एन0बी0डब्लू0 वॉरण्ट पर गिरफ्तार कर अभियुक्त को जेल भेजा गया ।थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुकदमे मे न्यायालय के वारण्ट पर अभियुक्त 1. सुदीप कुमार पुत्र ओकांरनाथ नि0 पार्किन्सनगंज कोतवाली नगर सुलतानपुर 2.गोगे पुत्र जमील नि0 मेजरगंज थाना कोतवाली नगर सुलतानपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्तो को चालान कर मा0 न्यायालय भेजा गया । थाना लम्भुआ पुलिस द्वारा मुकदमे मे न्यायालय के वॉरण्ट पर अभियुक्त 1. विवेक कुमार पुत्र महेश नि0 पिलखानी थाना लम्भुआ सुलतानपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्तो को चालान कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।थाना चाँदा पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ अभियुक्त विनोद सिंह पुत्र फौजदार सिंह नि0 देवार थाना चाँदा जनपद सुलतानपुर को 50 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान किया गया । मु0अ0स0 232/19 धारा 60 आबकारी अधीनियम।यातायात निरीक्षक द्वारा नो0 पार्किग जोन मे खडे वाहनो के विरुद्ध चस्पा चालान का अभियान चलाया गया जिसके तहत नो पार्किग में खडे 52 वाहनो का नोटिस चस्पा चालान , 06 वाहनो का चालान व 3400 रु0 शमन शुल्क जुर्माने के तौर पर वसूल किया गया।

# विभिन्न संगठनों के नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

## कांग्रेस प्रत्याशी राज्यसभा सांसद डा0संजय सिंह में आस्था जताते हुए सैकड़ों नेताओं ने कांग्रेस की ली सदस्यता

सुल्तानपुर। कई संगठनों के लोग कांग्रेस में शामिल हुए। संगठन विभिन्न ब्लाकों कदीपुर, अखण्डनगर और करौंदीकला 38 लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर के भाजपा व सपा के तमाम कार्यकर्ता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का हाथ थामा और डॉ संजय सिंह जी को समर्थन देते हुए राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया । भाजपा छोड़ अपने समर्थकों के साथ राम शरन गौतम, पूर्व प्रधान राम आसरे यादव, सुरेश चन्द्र, तथा सपा छोड़कर राम आसरे यादव पूर्व प्रधान बरामदपुर अपने सैकड़ों समर्थकों सहित शामिल हुए। इस अवसर पर 38 लोकसभा के कोआर्डिनेटर अमित श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार मिश्र जी के हाजी जमा खा, पवन मिश्र नन्हे, विनोद पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष जयन्त तिवारी, अयोध्या सिंह, बी डी वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। राज्यसभा सांसद और सुल्तानपुर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी डॉ संजय सिंह ने जनमानस से आह्वान किया है कि वह समाज को बांटने की राजनीति से सतर्क रहें और सुल्तानपुर में कांग्रेस को मजबूत करके देश को एक मजबूत सरकार देने में अपना योगदान दें. धनपतगंज विकासखंड के ग्राम पूरे बदल दूबे, ग्राम रतापुर, ग्राम नंदापुर, ग्राम मझौवा, ग्राम कोरो, न्याय पंचायत सेमरौना की ग्राम भौसा, ग्राम राघवपुर, ग्राम पीरो सरैया, ग्राम देहली, ग्राम तुलसीपुर में जनसंपर्क करते हुए डॉक्टर सिंह ने ग्राम नंदापुर में विनय त्रिपाठी की माता जी की मृत्यु और समरथपुर के ग्राम शुकलहिया में एक्सीडेंट के कारण धर्मेंद्र शुक्ल की मृत्यु पर उनके परिवार में जाकर शोक संवेदना व्यक्त की. डॉ सिंह के जनसंपर्क के दौरान उनके साथ श्रीमती कंचन दुबे, काली सहाय सिंह, श्री उत्तम यादव, श्री कृपा तिवारी श्री दधिबल सिंह, दीप नारायण पांडे, दीपक तिवारी, शालिगराम जायसवाल, कृष्णकांत पांडे, विष्णु प्रसाद, रवि यादव मुख्य रूप उपस्थित थे. उधर कांग्रेस प्रत्याशी डॉ संजय सिंह के समर्थन में उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री डॉ अमिता सिंह ने भी कुड़वार विकास खंड की ग्राम बबुरी, ग्राम ऊंचगांव, ग्राम रामपुर मथुरा मठा, ग्राम मिठने पुर में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया और जनमानस से अनुरोध किया कि वह 12 मई को बेहद बुद्धिमानी से अपने मताधिकार का प्रयोग करें और मताधिकार का प्रयोग करते समय सभी प्रत्याशियों के सुल्तानपुर में किये पूर्व के योगदान को ध्यान में जरूर रखें. उन्होंने कहा कि डॉ संजय सिंह स्थानीय है और केवल जनमानस की सेवा के लिए समर्पित रहे हैं और इसी तरह से आगे भी समर्पित रहेंगे. उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर में बने फ्लाईओवर और ट्रामा सेंटर डॉ सिंह की विकासवादी सोच का जीता जागता नमूना है. डॉ अमिता सिंह के कार्यक्रमों में श्री रणविजय सिंह, मनोज तिवारी, मुबीन खान, शारदा पांडेय, गफ्फार खान और जफरुल्लाह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पूर्व बी डी सी को वल्लीपुर चौकी इन्चार्ज से जान माल का खतरा

बल्दीराय,सुलतानपुर। पूर्व बी डी सी पंडित राम नेवाज दुबे ग्राम पुरे चेती दुबे मजरे रामनगर पोस्ट सरैया माफी थाना बल्दीराय चौकी वल्लीपुर तहसील बल्दीराय जिला सुल्तानपुर के स्थायी निवासी हैं।प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत शोचालय बनवाने का कार्य कर रहे थे। जो कि अपने ही बैनामे कि जमीन पर पूर्व बी डी सी महोदय पंडित राम नेवाज ।लेकिन उनके ही पड़ोसी गयाप्रसाद यादव , राजाराम यादव , हरिप्रसाद यादव ,राजाराम,अमरजीत यादव , गया प्रसाद यादव दंबगयी के बल पर विरोध करने लगे। उनके जमीन को जबरदस्ती कब्जा कराना चाहते है।इस कार्य में कुछ उच्च आधिकारियों के इशारे पर जैसे चौकी इन्चार्ज के मिलीभगत से शौचालय का निर्माण नही कर सका। एक ही जातिय का होने के कारण चौकी इन्चार्ज अपनी ही बिरादरी का पक्ष ले रहे है ।निष्पक्ष करवाही नही कर पा रहे है। चौकी इन्चार्ज महोदय शोचालय बनाने पर पुर्व बी डी सी को मारने के लिये कई बार लाठी डंड़े से दौड़ा है और जान से पूर्ववत में ये कई महीनों से चौकी थाना वे तहसील के चक्कर लगा लिया है लेकिन कही से न्याय ना मिलने पर वा न्याय कि गुहार लगाकर जान माल कि सुरक्षा कि गुहार लगाई शासन वा प्रशासन से इस कार्य में पूर्व प्रधान बब्बन गौड़ जो कि आपराधिक प्रव्रित का व्यक्ति है वह भी शामिल है इस कार्य में गयाप्रसाद यादव को संरक्षण प्राप्त है पुर्व प्रधान एवं वर्तमान प्रधान पति का ।जिससे पूर्व बी डी सी ने आशंका व्यक्त की है कि कही चौकी इन्चार्ज वल्लीपुर आदित्य यादव और पूर्व प्रधान बब्बन गौड़ और विपक्षी के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम ना दे दें ।जहाँ पर एक तरफ पुरी ग्राम सभा को वर्क घोषित किया जा रहा है मोदी सरकार स्वच्छ मिशन योजना के तहत वही पूर्व बी डी सी शौचालय के लिये दर दर भटक रहे है लेकिन कान तक जु तक नही रेंग रही है उच्चधिकारीयो को देखना होगा कि शौचालय का निर्माण होगा या ये अधुरा सपना बनकर रह जायेगा।

# दो दिन के भीतर रंगदार गिरफ्तार, व्यापारियों में खुशी

– एसपी अनुराग वत्स ने पत्रकार वार्ता में घटना से उठाया पर्दा

– सर्विलांस सेल/क्राइम ब्रांच के संयुक्त ऑपरेशन में उच्चाधिकारियों ने किया वर्क आउट

सुलतानपुर। सर्राफ व्यापारी से फोन पर दो लाख की रंगदारी मांगने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने पत्रकार वार्ता में पेश कर घटना से पर्दा उठाया है ।

बताते चलें कि दो दिन पूर्व शहर गोसाईगंज थाने के कटका बाजार स्थित कनक ज्वेलर्स के मालिक से पूर्वांचल के एक बाहुबली के सहयोगी का नाम लेकर पैसे की मांग की गई थी ।लगभग 12 मिनट के

रंगदार ने यह भी कहा कि पैसे देने के एवज में हम लोग तुम्हारी सिक्योरिटी करेंगे। शिकायत मिलने पर एसपी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच ,सर्विलांस सेल, एसपी ग्रामीण शिवराज, सीओ सिटी श्यामदेव खुलासे को लेकर सक्रिय हो गए और 2 दिन के भीतर ही रिजल्ट दे डाला ।पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने सभी टीमों की प्रशंसा करते हुए जरायम की दुनिया में सक्रिय लोगों को कड़ा संदेश दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को दबोचने के बाद पुलिस उन्हें जेल भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने घटना से पर्दा उठाते हुए बताया की एडिशनल एसपी ग्रामीण शिवराज व क्षेत्र अधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज विजय कुमार सिंह स्वाट टीम प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने सर्विलांस टीम के साथ तालमेल बैठाते हुए अभियुक्तों को अंबेडकर नगर मार्ग स्थित इनायत नगर के पास से गिरफ्तार किया।दोनों अभियुक्त हारिश शेख पुत्र असलम निवासी सेमउर खानपुर थाना हंसवार तथा गोसाईगंज थाने क्षेत्र का ही मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद शमशाद निवासी पकड़ीपुर कसमऊ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से रंगदारी के वसूले गए 10000/–,दो तमंचा कारतूस, पैशन प्रो मोटरसाइकिल (फर्जी नंबर) व धमकी देने में प्रयुक्त जियो फोन बरामद हुआ है। बताते चलें कि सर्राफ व्यवसाई सुरेश कुमार सोनी पुत्र मनीराम से बीते 11 अप्रैल को फोन के जरिए रंगदारी वसूलने की धमकी दी गई थी। इधर बदमाशों के पकड़े जाने से बाज़ार के व्यापारियों ने खुशी ज़ाहिर की है।

# गरीबों का हक छीनने में लगा है ग्राम प्रधान

सुल्तानपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना की रकम प्रधान और ग्राम बिकास अधिकारी आवास कें नाम पर हर लाभार्थी सें 10 सें 15 हजार रूपए ने डकार कर कें ही आवास दिलाया जा रहा हैं। मामला जयसिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र कें अंतर्गत आलाहदादपुर ग्राम सभा का हैं। जहाँ पर महिला कइ सालों सें झोपडी में रह कर गुजर बसर करती हैं ।कई सालों सें आवास कें लिए ब्लॉक सें लेकर तहसील तक का चक्कर काटती रहती थी पर कोई सुनने को तैयार नही था ।वर्तमान ग्राम प्रधान बनें आलहदादपुर राज नरायन नें 10 हजार रूपये रिश्वत लेने कें बावजूद महिला का आवास प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन लोगों को आवास आवंटन किया गया ।लेकिन आज भी आवास ग्राम प्रधान की रहम कर्मो सें झोपड़ी में गुजर बसर करने वाली महिला का आवास आधा का अधूरा रह गया हैं। प्रधान ने ग्राम बिकास अधिकारी से मिलीभगत कर 10 सें 15 हजार रूपये आवास कें नाम पर धन उगाही करने कें लिए प्रधान लगें हैं। लेकिन लेने कें बावजूद भी उसका आवास नही मिल सका। जब इसकी सिकायत बीडीओ जयसिंहपुर इंद्रवती सें की गयी तो उन्होंने कहा की हमारे यहाँ आवास कें नाम पर किसी कर्मचारी को पैसे नही लिए जाते हैं और प्रधान कें उपर कार्यवाही की जाएगी। मामले की शिकायत बीडीओ समेत अन्य स्थान पर किया गया। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वही पर लाभार्थी का कहना हैं आवास का पैसा आया था । प्रधान नें ट्रक बनवाने कें लिए पैसा वासूल लिए और अभी तक छत् नही पड़ सका। उल्टा पैसा गबन करने वाले उन्हें धमकी देने लगे।इसके अलावा पांच अन्य लोगों का अभी आवास का पैसा 10 सें हजार रूपये गलत तरीके से वसूला गया है।

# रिसर्च सोसाइटी ऑफ होम्योपैथी द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्योपैथी जन जागरूकता संगोष्ठी का उद्घाटन

बाराबंकी। होम्योपैथी रोगों से पीड़ित मानवता के लिए डा० हनीमैन का वरदान है जो कम खर्च, कम जाँच एवं सुरक्षित तरीके से समग्र स्वास्थ्य प्रदान करती है, इसलिए लोगों को इस पद्धति का लाभ निरोग होने के लिए उठाना चाहिए। यह विचार प्रदेश के सूचना आयुक्त नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने रिसर्च सोसाइटी ऑफ होम्योपैथी द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्योपैथी जन जागरुकता संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। संगोश्ठी का आयोजन नन्दलाल प्रभू देवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट, आलापुर बाराबंकी में किया गया था। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी जन स्वास्थ्य की चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि केवल होम्योपैथी ही लोगों को महंगे इलाज के जाल से निकाल सकती है। इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं डा० हनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ० बी०एन० सिंह ने कहा कि दुनिया में रोगों के उपचार की अनेक पद्धतियां प्रचलित हैं। पद्धतियों की अपेक्षा होम्योपैथी सरल, सुलभ, दुष्परिणाम रहित अपेक्षाकृत कम खर्चीली एवं दूरगामी लाभादयक परिणामों वाली पद्धति हैं। इसलिए रोग मुक्त होने के लिए सबसे पहले होम्योपैथी से ही उपचार कराना चाहिए। उन्होने कहा कि होम्योपैथी असाध्य रोगों को साध्य करने वाली पद्धति है जो जनस्वास्थ्य को विकल्प बनकर उभर रही है। केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद के पूर्व सदस्य एवं मुख्य वक्ता डॉ० अनुरूद्ध वर्मा ने कहा कि दुनिया के 100 से अधिक देषों में लोकप्रियता अर्जित कर रही है और होम्योपैथी से 80 प्रतिषत स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में सक्षम है। उन्होंन कहा कि होम्योपैथी विश्व में दूसरे नम्बर पर अपनायी जाने वाली पद्धति है जो 25 प्रतिषत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि कर रही है और भारत का हर 5वां रोगी होम्योपैथी से उपचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी गैर–संक्रामक रोगों जैसे– हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर, गठिया आदि के साथ–साथ संक्रामक रोगों जैसे– स्वाइन फ्लू, डेंगू, चिकनगुनिया, खसरा, चिकनपाक्स आदि के उपचार एवं बचाव में कारगर है। होम्योपैथी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भ्रम है कि होम्योपैथी में ज्यादा परहेज की जरूरत नहीं, केवल उन्हीं चीजों को खाने से मना किया जाता है जो रोगी की तकलीफ को बढ़ा देते हैं। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी बीमारी को जड़ से तो ठीक करती ही है बल्कि शरीर में बीमारी की प्रवृत्ति को भी समाप्त करती है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी वैज्ञानिक एवं परिष्कृत पद्धति है न कि घरेलू चिकित्सा पद्धति इसलिए आधी अधूरी जानकारी प्राप्त कर उपचार करना नुकसानदायक भी हो सकता है। इसलिए केवल प्रशिक्षित चिकित्सक से इलाज कराना चाहिए। होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के रजिस्ट्रार डा0 अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि होम्योपैथी में हर रोगी के लिए उसके लक्षणों के आधार पर अलग–अलग दवाइयाँ दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय एवं विदेशी दवाइयाँ समान रूप से कार्य करती हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेष होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के सदस्य डा० फतेह बहादुर वर्मा ने कहा कि देष की जनता की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान होम्योपैथी में निहित है। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा० ए०एन० सिंह ने कहा कि अब होम्योपैथी शहरों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भर लोकप्रियता अर्जित कर रही है। अपर महानिदेषक प्रेस इंन्फार्मेषन ब्यूरो, भारत सरकार श्री अरिमर्दन सिंह ने कहा कि होम्योपैथी को जन–जन तक पहुँचाना आवष्यक है जिससे कि जनता इसका लाभ ले सके। अतिथियों का स्वागत डा० अमित सचान एवं आभार प्रदर्षन संस्थान के अध्यक्ष श्री सुषील कुमार जी ने किया। डा0 निशांत श्रीवास्तव ने बताया कि होम्योपैथी में चर्मरोगों जैसे सोरियासिस, इक्जिमा, सफेद दाग, पित्ती, खुजली आदि का सफल उपचार उपलब्ध है। डा0 पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि हड्डी एवं जोड़ों के रोगों जैसे गठिया, अर्थराइटिस, रिकेट्स, स्पान्डलाइटिस, मोच, सियाटिका एवं रीढ़ की बीमारियों का सफल उपचार होम्योपैथी में सम्भव है। समारोह का संचालन श्री प्रदीप सारंग ने किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गयी।

## जायरीनों में एक की और हुई मौत जो थे हादसे के शिकार मरने वालों की तादाद हुई चार

बाराबंकी। जायरीनों में एक की और हुई मौत जो थे हादसे के शिकार मरने वालों की तादाद हुई चार ।थाना क्षेत्र राम नगर में बाकी जुमेरात की सुबह हुए सड़क हादसे में गम्भीर रूप से जख्मी एक और जायरीन ने दम तोड़ दिया।अब मरने वालों की तादाद चार हो गई है ।बाकी जख्मी लोगों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है ।मालूम हो कि बीती जुमेरात की सुबह बहराइच व गोंडा से 17 जायरीनों को बिठाकर जीप मसौली के पास बांसा शरीफ मजार तक ले जा रही थी।चौका घाट के पास जीप अचानक बेकाबू हो गई और गड्ढे में गिर कर पलट गई ।जिसमें गोंडा के दो और बहराइच के एक जायर की मौके पर ही मौत हो गई ।चौदह जख्मी लोगों में 11 लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया।जिला अस्पताल में हालत नाजुक देख कई लोगों को लखनऊ रेफर किया गया था ।जिला अस्पताल में भर्ती गोंडा जिले के थाना कटरा बाजार ग्राम तिवारी पुरवा निवासी सावन प्रसाद पुत्र राम सागर की भी जुमेरात शाम को मौत हो गई जिससे मरने वालोंकी तादाद अब चार हो गई है।

## कन्या भोज व विशाल भन्डारे का आयोजन

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। ग्राम सोंधवा स्थित शती माता मन्दिर पर ग्राम वासियो व क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश कुमार वर्मा आदि द्वारा कन्या भोज व विशाल भन्डारे का आयोजन किया गया । इस मौकेपर माता प्रसाद बी डी सी अंजनी कुमार शुक्ला रमेश कुमार अनुज कुमार सिंह आदि ने भन्डारे मे सहयीग किया । सैकडों नर नारी बच्चो ने सती मॉं के भन्डारे मे परसाद ग्रहण कर अपने को कृतार्थ किया। इसी क्रम मे क्षत्र के अमरा कटेहरा देवी तथा अमरा स्थित शीतला मॉं कोटवाधाम जगजीवन दास साहेब बडे बाबा बसन्ता फूफू मन्दिर पारूल पल्लवी समाधि पर स्थित मॉं शेरावाली के दरबार बैसन खजुरी स्थित अम्बे मॉं तथा सिरौलीगौसपुर मे मॉं दुर्गा मन्दिर पर हजारों नर नारी बच्चो बुजुर्गो ने पूॅजन अर्चन करके मन वॉंछित फलो की प्रप्ति व विश्वमानव कल्याण की कामना किया है।

## सीतादेवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया की प्रवन्ध समिति व अभिभावकों की बैठक सम्पन्न

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। सीतादेवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया की प्रवन्ध समिति व अभिभावकों की बैठक महा विद्यालय के संरक्षक अवधेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता व अभिषेक शुक्ला प्रवन्धक के संयोजन मे सम्पन्न हुयी । बैठक मे विचार ब्यक्त करते हुये अवधेश शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे हम शहरों से बेहतर व गुणवक्ता युक्त शिक्षा देने के लिये प्रयास रहकर निरन्तर प्रगति की और बढ रहे है । बी ए , बी फार्मा ,बी एड आदि कक्षाओं के छात्र छात्राओ को महा विद्यालय नियमित स्कूल आकर शिक्षा अर्जित कर अच्छे नम्बर अच्छे डिवीजन मे पास होकर सरकारी सेवाओ मे पंहुच कर विद्यालय का नाम रोशन करने हेतु अच्छे से अच्छे अध्यापको द्वारा गुणवक्ता युक्त शिक्षा दी जा रही है । बैठक मे अभिभावको की और से सुरेश तिवारी चाचा ने महाविद्यालय अग्रेतर प्रगति करे हमारे बच्चे अच्छे से शिक्षा अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन करे ऐसी मेरी शुभकामनाये विद्यालय परिवार व बच्चो को है । इस मौके पर प्राचार्या डा0 अर्चना त्रिपाठी पंकज तिवारी पंकज शुक्ला आभा सिंह रेनं सिंह अरविंद यादव शिवाकान्त सिंह डाक्टर दिनेन्द्र सिंह के पी सिंह आदि उपस्थित थे।

## बाराबंकी सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा एवं महागठबंधन प्रत्याशियों ने किया नामाकंन चर्चा में रहे तनुज पुनिया

बाराबंकी। आगामी लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के चुनाव के लिए बाराबंकी सुरक्षित संसदीय भाजपा प्रत्याशी के साथ सपा बसपा महागठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी राम सागर रावत ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व महागठबंधन की एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सपा बसपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप एवं राकेश वर्मा पूर्व विधायक विधान परिषद सदस्य राजेश यादव ने हिस्सा लिया। महागठबंधन के प्रत्याशी राम सागर रावत जी इससे पहले 6 बार चुनाव लड़कर चार बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं जबकि इसके पहले 3 बार सिद्धौर सुरक्षित सीट से विधायक भी चुने जा चुके हैं। पिछला चुनाव वह कांग्रेस प्रत्याशी से पराजित हुए थे और पिछले लोकसभा चुनाव उन्हें प्रत्याशी नहीं बनाया गया था। श्री रावत मुलायम सिंह अखिलेश सिंह के करीबी माने जाते हैं। इस बार पार्टी द्वारा उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए महा गठबंधन का प्रत्याशी बनाया गया है। श्री रावत के प्रत्याशी बनाए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर और माना जा रहा है की बसपा के समर्थन के चलते उनकी शक्ति में इजाफा होगा। श्री रावत अपने जीवन के चौथे चरण का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा से प्रत्याशी बनाए गए उपेंद्र रावत को पहली बार पूर्व सांसद प्रियंका रावत का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाया गया हैं श्रीमती रावत के टिकट कटने का जिले में प्रबल विरोध हो रहा है और वह पार्टी निर्णय के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर चुकी है।वहीं यह भी चर्चा है कि इस बार सबसे मजबूत और साफ सुथरा छवि के बाराबंकी लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी तनुज पुनिया भी मैदान में हैं,उन्हें अपने पिता की कर्मभूमि का भी फायदा मिल रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि यह चुनाव केन्द्र का है, सरकार बीजेपी या कांग्रेस की ही बनना है तो वोट क्यों खराब किया जाय। अगर वाकई बीजेपी को हटाना है तो वोट कांग्रेस को ही दिया जाय ताकि बहुमत से सरकार बने। साझे की सरकार कभी मजबूत नहीं रही। तनुज एक व्यवहार कुशल एवं काबिल प्रत्याशी है। इसबार जिसकी भी टक्कर होगी वह तनुज से ही होगी।

## गांवो मे जन सम्पर्क कर लोक सभा प्रत्याशी उपेन्द्र रावत के लिये मागें वोट

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह एडवोकेट ने सन्तोष पान्डेय बलवन्त प्रजापति शैलेन्द्र विश्वकर्मा स्वामी प्रसाद तिवारी देवनरायन तिवारी राम सागर कनौजिया आदि के साथ रसूलपुर पीठापुर धुसेडिया खोर एतमाद पुर आदि गांवो मे जन सम्पर्क कर लोक सभा प्रत्याशी उपेन्द्र रावत के लिये वोट मागें ।उधर रामनगर विधायक शरद अवस्थी ने कस्बा बदोसरांय मे अंकित गुप्ता के यंहा चुनाव कार्यालय का उदघाटन हवन पूजंन करा कर किया है ।इस मौके पर राम किशोर वर्मा पूर्व प्रमुख मेडीलाल मौर्या रमेश तिवारी राम निवास लोधी सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोकायुक्त के पास की गयी मधवापुर ग्राम पंचायत के खाद्यान वितरण मे बरती गयी धांधली आदि मामलो की जांच के लिये जिलाधिकारी द्वारा नामित तीन सदस्यीय टीम शुक्रवार को जांच करने पंहुची गांव

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। लोकायुक्त के पास की गयी मधवापुर ग्राम पंचायत के खाद्यान वितरण मे बरती गयी धांधली आदि मामलो की जांच के लिये जिलाधिकारी उदय भानु त्रिपाठी द्वारा नामित तीन सदस्यीय टीम शुक्रवार को गांव पंहुच कर अपराहन एक बजे से 5 बजे तक जांच किया तथा ग्रामीणो के बयान दर्ज किया व कुछ शिकायतो का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की है। बताते चले की मधवापुर निवासी रामदेव वर्मा सहित 13 ग्रामीणो के हस्ताक्षर युक्त लोकायुक्त के पास की गयी शिकायत की जॉच जिलाधिकारी के पास भेजी गयी थी । जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने जांच हेतु नायब तहसील दार गौरव सिंह खण्ड विकास अधिकारी कमलेश कुमार व सहायक विकास अधिकारी पंचायत को जांच अधिकारी नामित किया था। पंचायत भवन मधवा पुर टीम पंहुच कर वंहा मौजूद ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने जांच अधिकारियो के समक्ष शिकायत कर्ताओ के बयान दर्ज किया। वही लोकायुक्त के पास की गयी शिकाय मे 13 शिकायत कर्ताओ के हस्ताक्षर थे जिसमे निर्मल सोनी व राम देव वर्मा को छोड ग्यारह शिकायत कर्ताओ ने शिकायत मे हस्ताक्षर उन्हो ने नही किया है। जांच टीम राजापुर और मधवापुर दोनो गांवो के ग्रामीणो से बातचीत व बयान दर्ज किये एंव नये कोटेदार के चयन मे लगाये गये धांधली के आरोप की भी जांच किया। जांच टीम के अधिकारियों ने बताया है कि शिकायत कर्ता निर्मल सोनी व रामदेव वर्मा को जांच के समय पंचायत भवन पर बुलाया गया कि वह अपना पक्ष रखे जिसमे निर्मल सोनी ने दूरभाष पर बताया कि वह बाराबंकी मे है। तीन सदस्यीय टीम ने शिकायतो की सम्पूर्ण जांच स्थलीय निरीक्षण व बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है डिसे उच्च अधिकारियों के पास भेजा जायेगा।

# हिस्ट्रीशीटर की हत्या के बाद बवाल, तीन बसें फूंकी गई



रुदौली(अयोध्या)। जिले के मवई थाना क्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर की हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ। हत्या के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए और रोडवेज की तीन बसों को आग के हवाले कर दिया। उपद्रवियों को काबू में करने के लिए पुलिस व पीएसी को लाठीचार्ज करना पड़ा। उपद्रव के चलते काफी देर तक एनएच–28 पर लखनऊ–अयोध्या के बीच यातायात ठप रहा। आइजी डॉ. संजीव गुप्त, डीएम अनुज झा, एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया तथा कार्रवाई का भरोसा दिलाकर जनाक्रोश शांत कराया। वारदात में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक बृजेश सिंह उर्फ बिरजन पर 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। वह मवई थाने का हिस्ट्रीशीटर भी था। बघेड़ी व आसपास के गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व पीएसी लगा दी गई है। मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाने बघेड़ी गए विधायक रामचंद्र यादव को ग्रामीणों के आक्रोश के कारण रास्ते से वापस लौटना पड़ा।

मवई थाना अंतर्गत बघेड़ी निवासी बृजेश सिंह उर्फ बिरजन बुधवार की रात घर से एक किलोमीटर दूर स्थित तालगांव गया था। देररात वापस न लौटने पर उसकी मां ने उसे फोन किया तो बिरजन ने तुरंत घर आने की बात कही, लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा। गुरुवार की सुबह उसका शव तालगांव में मिला। एक स्कूल बस चालक ने बिरजन का शव मार्ग के किनारे देख पुलिस को सूचना दी। बिरजन की हत्या की खबर फैलते ही बघेड़ी व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे गए, जहां बिरजन का शव न देख भड़क उठे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने रोडवेज की तीन बसों को आग के हवाले कर दिया। आरोप है कि जाम के दौरान कुछ उपद्रवियों ने हवाई फायरिंग भी की। एसडीएम ज्योति सिंह व सीओ डॉ. धर्मेंद्र यादव के बार–बार समझाने के बाद जब लोग नहीं माने तो पीएसी बुलाई गई। पीएसी के लाठीचार्ज के बाद उपद्रवियों को भागना पड़ा। सीओ ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर बघेड़ी निवासी द्वारिका प्रसाद, शिवप्रसाद, उमेश कुमार व वासुदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रेलवे साइडिंग इलाके में पांच गुना वायु प्रदूषण

अयोध्या। फैजाबाद रेलवे साइडिंग क्षेत्र में वायु प्रदूषण मानक से पांच गुना मिला है। इसका नार्मल मानक 100 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनदेखी के चलते मामला राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) तक जा पहुंचा। उसके बाद जब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने परीक्षण कराया तो वायु का घनत्व मानक से पांच गुना अधिक निकला। लैब की परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद तो रेलवे साइडिंग के खिलाफ अभियोजनात्मक कार्रवाई की संस्तुति क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी स्वामीनाथ को करनी पड़ी। यह संस्तुति उन्होंने मुख्य पर्यावरण अधिकारी से की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी के अनुसार पानी का छिड़काव कराने से वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकता है। साइडिंग के अधिकारियों को कई बार चेताया गया। वे बराबर नजरअंदाज करते रहे। लंबे समय से साइडिंग से उड़ने वाली डस्ट की शिकायत आसपास के लोग उनसे करते रहे। प्रकरण रेलवे से जुड़ा होने से प्रदूषण बोर्ड नजरअंदाज करता रहा। एनजीटी ने जब कड़ा रुख अख्तियार किया तो रेलवे साइडिंग के खिलाफ कार्रवाई की जमीन तैयार हो गई। बताया गया कि मुख्य पर्यावरण अधिकारी के अनुमोदन मिलने के बाद पर्यावरण की सीबीआइ अदालत में परिवाद दाखिल किया जाएगा।

## प्रबंधन विभाग में छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट शुरू

अयोध्यो। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट बुधवार से आरंभ हो गया। चंडीगढ़ की फार्मा कंपनी के प्रतिनिधियों ने एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर व बीबीए सिक्स सेमेस्टर के विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। इससे पहले विद्यार्थियों को कंपनी की जानकारी दी गई और उन्हें फार्मा सेक्टर में बढ़ती संभावनाओं के बारे में बताया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. आरएन राय ने बताया कि यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए कदम उठाए जाएंगे।



विवि में एमबीए के नियमित पाठ्यक्रम के साथ एमबीए एग्री व फाइनेंस के कोर्स भी संचालित हैं। इसके साथ इस सत्र से हॉस्पिटलिटी एवं एमबीए इन टूरिज्म का पाठ्यक्रम आरंभ होगा। बुधवार को एमबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट आरंभ हो गया। फार्मा कंपनी एस्थेटिक सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि शिवेंद्र सेठ ने कंपनी के कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने एमबीए व बीबीए के विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिया। विभाग के प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि कई अन्य कंपनियां भी संपर्क में हैं। इस मौके पर निदेशक प्लेसमेंट सेल डॉ.दीपिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. श्रीश अस्थाना, डॉ. निमिष मिश्रा, प्रवीण राय, डॉ. अनीता मिश्रा, कविता श्रीवास्तव, रवींद्र भारद्वाज, विवेक उपाध्याय, डॉ. एके पांडेय, संजीत पांडेय जूलियस कुमार आदि थे।

## श्रद्धा तिवारी बनीं सीजेएम, निगम सिविल जज

अयोध्या। जिले में न्यायिक अधिकारियों की कुर्सियों बड़ा फेरबदल हुआ है। इस बदलाव में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कुर्सी श्रद्धा तिवारी के पास गई है। इस पद पर रहे वरुण मोहित निगम को सिविल जज सीनियर डिवीजन बनाया गया है। आगरा से आने वाले सतीश कुमार त्रिपाठी को लघुवाद न्यायाधीश बनाया गया है। अपर सत्र न्यायाधीश स्तर की न्यायिक अधिकारियों में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार, विशेष न्यायाधीश एससीध्एसटी हरिनाथ पांडे, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश भूदेव गौतम, चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश सत्यप्रकाश, चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, षष्टम् अपर सत्र न्यायाधीश कुशलपाल व अष्टम् अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा की कुर्सियां बदलेंगे। दो अन्य अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह को कानपुरनगर से व असद अहमद हाशमी को आजमगढ़ से यहां स्थानांतरित किया गया है। एसीजेएम स्तर के अन्य न्यायिक अधिकारियों में व पवन कुमार सिंह को यहां भेजा गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का नया सचिव ज्ञानपुर (भदोही) से स्थानांतरित चंद्रमोहन शर्मा को बनाया गया है। पद पर रहीं करुणा सिंह को अलीगढ़ स्थानांतरित किया गया है। प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा सिंह को आजमगढ़ स्थानांतरित किया गया है। ज्ञानपुर (भदोही) से स्थानांतरित पवन कुमार सिंह को अपर सविल जज सीनियर डिवीजन एसीजेएम व सुमन तिवारी को अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक जज बनाया गया है। तरुणिमा पांडे को सिविल जज जूनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक जज तथा इस पद पर रहीं साधना गिरी को अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन बनाया गया है। न्यायिक अधिकारियों की कुर्सियों की अदला–बदली 15 अप्रैल तक होगी।

## बाबा साहब की कोशिशों से बना आधुनिक भारत

अयोध्या। दि ओरिएंटल कंपनी लिमिटेड के मंडल कार्यालय में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकरनगर की 128वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्यवक्ता मंडलीय प्रबंधक एसडी द्विवेदी ने कहा कि ये अवसर है जब बाबा साहब के विचार, आदर्श व उनके योगदान को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हीं के प्रयासों व विचारों से आधुनिक भारत ने आकार लिया। देश में आज उन्हें महान समाजसुधारक के रूप में भी याद किया जाता है। मंडलीय प्रबंधक ने कहा कि बाबा साहब ने ही छुआछूत, जातिवाद जैसी कुरीतियों का पर जमकर प्रहार कर इससे समाज को मुक्ति दिलाने का हरसंभव प्रयास किया। उन्होंने कहा कि लंदन विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद देश को जातिवादी मानसिकता से छुटकारा दिलाने का संकल्प लिया। इस पर अवसर रामतेज, आलोक गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, रनजीत शुक्ल, भूपिंदर, महेशचंद्र ने भी विचार व्यक्त किये।

## अस्पताल प्रशासन ने निकाली जागरूकता रैली

अयोध्या। श्रीराम चिकित्सालय प्रशासन ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। सीएमएस डॉ. अनिल कुमार की अगुवाई में चिकित्सालय से निकली रैली अयोध्या रेलवे स्टेशन होते हुए पुनरू वापस लौटी। इस दौरान रास्ते भर रैली में शामिल चिकित्सक, फार्मासिस्ट व अन्य कर्मियों ने लोगों को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. कुमार ने कहा कि मतदान से बड़ा कोई धर्म और कोई कर्म नहीं। यह लोकतंत्र का उत्सव है। इसमें शामिल होकर इसका गौरव बढ़ाएं और परिवारजनों को मतदान के लिए प्रेरित करें। रैली में फार्मासिस्ट देशराज सिंह, कुश पांडेय सहित अन्य शामिल रहे।

## आइइटी के 62 छात्र–छात्राओं का साक्षात्कार

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में बीटेक एवं एमसीए फाइनल इयर स्टूडेंट्स के लिए संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया गया। इस दौरान एस्थेटिक सोल्यूशन चंडीगढ़ के अधिकारियों ने 62 छात्र–छात्राओं का साक्षात्कार लिया। प्लेसमेंट की निदेशक डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि 12 अप्रैल को एचसीएल छात्र–छात्राओं का साक्षात्कार लखनऊ कार्यालय में होगा। ट्रेनिग प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. बृजेश भारद्वाज तथा शांभवी ने ऐसे अवसर उपलब्ध कराने के लिए कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित की कोशिश को श्रेय दिया। जून में देश–विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियां मई एवं जून महीने में आइइटी परिसर में इंटरव्यू लेंगी।

## बाला जी महाराज मेंहदीपुर का महोत्सव शुरू, शोभायात्रा निकली

गोण्डा। जिले के मसकनवा कस्बे के सम्मय माई स्थान पर बाला जी महराज मेंहदीपुर महोत्सव का शुभारम्भ भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। मेंहदीपुर बाला जी सरकार का शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा पौराणिक मंदिर सम्मय माता स्थान से निकली बभनान रोड़, पेट्रोल पम्प ,मसकनवा चौराहा,गायत्री मंदिर,सर्राफा मार्केट,सब्जी मंडी,चौक, अमरूतीबाग होते हुए पुनः सम्मय स्थान पहुंची। मुख्य यजमान ठाकुर प्रसाद और कन्हैयालाल ने पंडित राम मूरत द्विवेदी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। बाल कलाकारों ने विभिन्न मुद्राओं की भव्य झांकियां सजायी। राधे–कृष्ण,शंकर–पार्वती,पंचमुखी हनुमान, गणपति महराज और शिव बारात आदि की मनमोहक झांकियां निकाली। धार्मिक संगीतमय धुनों पर सैकड़ों हरिभक्तों ने जमकर नृत्य किया। महोत्सव में सस्वर संगीतमय 24 घंटे का अखंड रामचरित्र मानस का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान महेश गुप्त ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया और पूर्णाहुति किया गया। शिवनाथ, राजकुमार, शिव नाथ कौशल,नीरज कमलापुरी,संजय ,जगदम्बा विजय जायसवाल, संतोष किशन कौशल गौतम गुप्ता करम चन्द्र, अनघ, चंदन, ,बद्री,विपिन पिंटू महेश साहेबदीन महेश दिलीप विंदा कौशल, अजये, क्षिति, कोमल, श्रद्धा, सोनम, पूजा, संगीतो, विनिता, अंकिता सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुष हरिभक्तों ने भाग लिया।

## महागौरी के पूजन–अर्चन के लिए देवी मंदिरों में उमड़ी आस्था

गोण्डा। नवरात्र के अंतिम दिन माता रानी की मनमोहक आठवीं स्वरूपा मां महागौरी के दर्शन व पूजन–अर्चन के लिए शनिवार को देवीमंदिरों में भारी उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर माता रानी की जयकारों और उद्घोषों से गुंजायमान रहा। शहर के बीचोंबीच अवस्थित मां काली भवानी मंदिर हो या बड़गांव की पौराणिक खैरा मंदिर या दूरदराज की मां वाराही व अन्य मंदिर। मैया के भक्त सुबह भोर से ही मंदिरों में स्तुतियां व दुर्गा सप्तशती आदि सुनाकर मैया को प्रसन्न करने के लिए जुगत के अलावा उनसे मनवांछित मुरादें भी मांग रहे हैं।वहीं पंडितों के मुताबिक अष्टमी व नवमी तिथियां एक ही दिन पड़ने से अधिकाधिक संख्या में भक्त व्रत रखकर दोनों दिनों के लाभ पा रहे हैं। साथ ही शनिवार दोपहर के बाद नवमी प्रारम्भ हो जाने से मंदिरों में हवन पूजन व कन्या भोज आयोजित कर पूर्णाहुति भी कर रहे हैं। नन्हीं बेटियों व कुंवारियों को अक्षत टीका लगाकर माता रानी की पसंदीदा भोजन प्रसाद खिलाकर उन्हें दान दक्षिणा प्रदान करते हैं और नौवीं स्वरूपा सिद्धिदात्री मां से आशीर्वाद लेकर विदाई की जा रही है।

## आजमगढ़ को हरा इन्दिरापुरम के नाम रहा फाइनल मुकाबला

गोण्डा। इन्दिरापुरम पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे अंडर 14 बालक जिला स्तरीय क्रिकेट चौम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला मेजबान टीम के नाम रहा। कुंदन और प्रियांशु की शानदार बल्लेबाजी के बदौलत इन्दिरापुरम की टीम खिताबी मुकाबले मे आजमगढ़ टीम को शिकस्त देने मे सफल रही। फाइनल मुकाबले का टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आजमगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 178 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के कप्तान वैभव ने सर्वाधिक 65 रन का योगदान दिया। मेजबान टीम के गेंदबाज आदित्य, अजय और वंश ने दो दो विकेट चटकाए। दूसरे पारी में बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने सात गेंद शेष रहते है लक्ष्य को भेद कर जीत हासिल कर ली। मेजबान टीम के नितिश को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और कुंदन को बल्लेबाज चुना गया। आजमगढ़ टीम किशन चौबे ईमेजिंग प्लेयर के खिताब से नवाजा गए। मैच के अम्पायर सूर्यजीत सिंह और अविनाश शर्मा और स्कोरर सौरभ रहे। प्रतियोगिता का समापन स्कूल की प्रबन्धिका नेहा सिंह द्वारा पुरस्कार वितरण से किया गया। प्रिसिंपल मधुप मिश्रा ने सफल मेजबानी के लिए विद्यालय के क्रिकेट कोच मोहम्मद ताहिर समेत अन्य शिक्षकों की सराहना की।

## तीसरे दिन भी नहीं खुला कैसरगंज सीट के लिए नामांकन का खाता

गोण्डा। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शुक्रवार को कैसरगंज संसदीय सीट से उम्मेदवारी के लिए तीन लोगों ने पर्चे लिए मगर एक भी नामांकन दाखिल नहीं हो सका है। वहीं गोंडा संसदीय सीट के लिए तीसरे दिन शुक्रवार को न तो पर्चे लेकर कोई गया और न ही कोई नामांकन ही दाखिल हुआ ऐसे में अब तक हुए कुल नामांकन की संख्या 2 ही बनी रह गई है। कैसरगंज सीआरओ कोर्ट पहुंचकर तीन नए लोगों ने पर्चे लिए। गोंडा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के आरओ डीएम डॉ. नितिन बंसल शुक्रवार को भी नामांकन के लिए नामित एआरओ एसडीएम डॉ. नितिन गौर नामांकन के लिए निर्धारित पूरे टाइम तक कोर्ट पर बैठे रहे। वहीं कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के आरओ मुख्य राजस्व अधिकारी राजित राम प्रजापति भी कोर्ट पर बैठे रहे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली

गोण्डा। जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप कुमार और तहसीलदार तरबगंज बृजमोहन ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। महाराजा देवी बक्श सिंह इन्टर कॉलेज बेलसर के प्रांगण से छात्र–छात्राओं ने पहले मतदान फिर जल पान का नारा लगाते हुए कस्बा रगड़गंज के लोगों को जागरूक किया। रैली के साथ साथ पूरे बाजार में जिला विद्यालय निरीक्षक, तहसीलदार तरबगंज, प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने मतदान का महत्व बताया।

# विवेकमणि श्रीवास्तव सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष, महेश महामंत्री निर्वाचित

गोण्डा। सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव परिणामों की घोषणा बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आदेश पर शुक्रवार को कर दी गई। जिसमें विवेकमणि को अध्यक्ष और महेश सिंह को महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष व निर्वाचन अधिकारी सुरेश नरायन सेठ ने बताया कि एक अप्रैल को सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ था। जिसमें मतगणना के दौरान विवाद हो जाने के कारण चुनाव परिणाम घोषित नहीं हो सका था। जिसकी शिकायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विवेकमणि श्रीवास्तव ने बार कांउसिल आफ उत्तर प्रदेश के सचिव से की थी। जिस पर सचिव रामचंद्र मिश्रा ने एल्डर कमेटी को अविलंब चुनाव परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। जिसके फलस्वरूप शुक्रवार को निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची चस्पा कर चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया। अध्यक्ष पद के लिए छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। विवेकमणि श्रीवास्तव को 149 मत तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंदी वीरेंद्र कुमार तिवारी को 143 मत प्राप्त हुए।विवेकमणि ने छह मत अधिक प्राप्त कर विजय हासिल की। वहीं महामंत्री पद पर महेश कुमार सिंह, वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम तिवारी, उपाध्यक्ष पद पर कमलाकर पांडेय व नंद कुमार शुक्ल ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार पाठक,कोषाध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह ,संयुक्त मंत्री अशोक कुमार गुप्ता ,वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य जगन्नाथ प्रसाद, देवानंद सोनी, मुकेश सिंह वर्मा ,काशी नाथ दूबे व सुरेंद्र नाथ शुक्ल तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत कुमार मिश्रा, छैल विहारी गोस्वामी, नितिन कुमार , संतोष पांडेय व अमित कुमार पांडेय निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव परिणाम के पदाधिकारियों की सूची बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश को भेजे जाने के लिए एल्डर कमेटी ने निवर्तमान अध्यक्ष उपेंद्र कुमार मिश्रा व महामंत्री सुशील कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया है।

# दो दिवसीय उर्स शानो शौकत के साथ मनाया गया

गोण्डा। कौमी एकता के प्रतीक हजरत लाल शहीद शाह बाबा का दो दिवसीय उर्स शानो शौकत के साथ मनाया गया। पहले दिन कुरान ख्वानी और नातिया मुशायरा और दूसरे दिन गुरुवार रात में जवाबी कव्वाली का शानदार मुकाबला हुआ। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख करन सिंह और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन डा. सत्येंद्र सिंह ने अकीदत के साथ उद्घाटन किया। उर्स के आगाज में शामिल सैकड़ों अकीदतमन्दों ने फातिहा ख्वानी में शरीक होकर दुआएं और मन्नतें मांगीं। जवाबी कव्वाली का आगाज उर्स कमेटी के संरक्षक डा. हाफिज अली द्वारा कलाकार नेहा नाज को सम्मानित किये जाने से हुई। शुरुआत नेहा नाज ने परम पिता तो एक है हमारा तुम्हारा के कौमी एकता का संदेश देने वाले कव्वाली से की। शरीफ परवाज से उनके मुकाबले का लुत्फ रात भर लोगों ने लिया। इस अवसर पर उर्स एकता कमेटी के जानिब से सभी विशिष्ट लोगों को तिरंगे कलर की पगड़ पहना कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के अलावा डा. हाफिज अली और उनके सभी भाई, काजी मुनीर अहमद के नाम प्रमुख है। कस्बे से आयोजन स्थल और बाबा की मजार की झालरों से खास सजावट भी की गई थी। उर्स के पहले दिन आयोजित कुल हिन्द मुशायरे का आगाज मदरसा मोइन उल उलूम के आलिमे दीन कारी कुर्बान कादरी की तिलावत से हुआ। मशहूर शायरों ने शिरकत कर के बाबा के आस्ताने पर प्यारे नबी की शान में अपनी अकीदत और मोहब्बत भरी शायरी का शानदार नजराना पेश किया। मुशायरे की सदारत मौलाना अब्दुल वहीद सिद्दीकी व निजामत मोहम्मद याकूब अज्म गोंडवी ने की। सगीर अहमद ने कलाम पेश किया आपकी चश्मे इनायत जो इधर हो जाए, फिर तो आसान मदीने का सफर हो जाये। कलाम पेश करने वाले अन्य मशहूर शायरों में कारी जहांगीर, रामानंद सागर अयोध्या, , मेराज शिवपुरी, समर बस्तवी, जुनैद अशरफी, हयात नेपाली, फौक बहराइची, मोमिन बहराइची, अमर सिंह अमर बाराबंकी, रईस सिद्दीकी,मुजीब सिद्दीकी रहे।एडवोकेट मोहम्मद इसहाक रैनी, डा अकबाल अहमद, भरत चन्द्र मोदनवाल, मो रिजवान, वेद प्रकाश जायसवाल, रवि सिंह, सतीश सिंह, मोहम्मद इब्राहीम, मोहम्मद फारूक राइन, फय्याज ,मोहम्मद अल्ताफ समेत तमाम रहे।

## एंटी रोमियो टीम ने शहर के मंदिरों में चलाया चेकिंग अभियान

गोण्डा। एसपी आर पी सिंह के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन आत्मरक्षा अभियान के तहत शहर के विभिन्न रेलवे स्टेशन रोड, बड़गांव चौकी, काली भवानी मंदिर, खैरा भवानी मंदिर आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान टीम प्रभारी व महिला आरक्षियों द्वारा शहर एवं मंदिर परिसर में मिलने वाली महिलाओं को उनके सुरक्षा के सम्बंध में बात कर उनकी परेशानियां पूछी गई। टीम ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से यूपी डायल 100 महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में उपयोगी जानकारी देकर इन नम्बरों के इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। अभियान में एंटी रोमियो प्रभारी उप निरीक्षक मंजू यादव व टीम के आरक्षी सूरज गुप्ता, महिला आरक्षी हेमलता, कविता मौर्या व सीमा वर्मा रहीं।

## दबंगों ने दलितों के घर जलाए, मुकदमा दर्ज

गोण्डा। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम सभा बरौली में कुछ दबंगों ने बरौली गांव के टपरा मजरे में 3 दलितों के घर जला दिए और धमकी देते हुए गांव से निकल जाने के लिए भी कहा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि बरौली ग्राम सभा में सार्वजनिक भूमि पर कुछ दलितों ने अपने घर बना लिए जिसका विरोध गांव के ही कुछ दबंगों ने किया था। पूर्व में भी इस विवाद में दीवार गिराने से संबंधित एक मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस संबंध में कुछ लोग निर्माण से संबंधित स्थगन आदेश भी लाए लेकिन तब तक अधिकांश दलितों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बना लिए। ग्राम प्रधान बब्बू सिंह ने बताया कि राधेश्याम पासी, घनश्याम, राजेश के घर जलाए गए हैं। थानाध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने बताया कि राधेश्याम की तहरीर पर ब्रजकिशोर उर्फ बोधे सिंह, लकी सिंह, शमशेर सिंह के विरुद्ध आगजनी व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना क्षेत्राधिकारी करेंगे।

## जब जब होता है अत्याचार, तब तब भगवान लेते हैं अवतार : सर्वेश महराज

गोण्डा। आवास विकास कालोनी में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को अयोध्या धाम से आए संत सर्वेश महाराज ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अत्याचार होता है। संत भक्त सताए जाते हैं। गो वंश पर उत्पात मचाया जाता है। तब तब प्रभु पृथ्वी पर अवतार भगवान लेते हैं। कथा व्यास ने कहा कि तुलसी जी मानस में कहते है जब जब होई धर्म के हानि बाढई असुर अधम अभिमानी। उन्होंने कहा कि तब तब प्रभु धरी बिबिध सरिरा हरही सदा भव शजन पिरा रावण के काल में राम जी शिशु पाल के काल में कृष्ण जी के रूप में भगवान अवतार लेते हैं। कथा व्यास ने कहा कि किसी पर भी अत्याचार नहीं करना चाहिए। असत्य नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने जिस मर्यादा का पालन किया और मर्यादक पुरुषोत्तम कहलाए, ठीक उसी प्रकार एक मनुष्य का एक मनुष्य के साथ व्यवहार होना चाहिए। कथा के दौरान डॉ मनोज मिश्रा, सभाजीत तिवारी, शिवकुमार पांडेय, अनुपम पांडेय, विजय अग्रवाल, विजय चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# सिंगापुर ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे सिंधु, साइना और श्रीकांत

सिंगापुर। पीवी सिंधू, साइना नेहवाल और किदाम्बी श्रीकांत की भारतीय तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां 355,000 डालर राशि के सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रियो ओलंपिक की रजत पदकधारी चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू ने विश्व की 22वें नंबर की मिया ब्लिचफील्ट को 39 मिनट में 21–13, 21–19 से पराजित किया। यह डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ उनकी लगातार दूसरी जीत है।

विश्व में छठे नंबर की सिंधू का अगला मुकाबला विश्व जूनियर चौंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता चीनी खिलाड़ी काइ यानयान से होगा। छठी वरीयता प्राप्त साइना को हालांकि कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, हालांकि वह मलेशियाई ओपन के पहले दौर में पोर्नपावी चोचुवोंग से पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता करने में सफल रही। उन्होंने थाईलैंड की इस शटलर पर दूसरे दौर में 21–16 18–21 21–19 की रोमांचक जीत दर्ज की।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदकधारी अब अगले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त जापान की नोजोमी ओकुहारा से भिड़ेंगी। छठे वरीय श्रीकांत दूसरे गेम





में पिछड़ने से बच गये और उन्होंने डेनमार्क के हैंस क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगस को 21–12 23–21 से शिकस्त दी। अब वह जापान के शीर्ष वरीय केंटो मोमोटा से भिड़ेंगे जिन्होंने भारत के एच एस प्रणय का अभियान सीधे गेम में हराकर समाप्त कर दिया।साइना जहां चोचुवोंग को हराने में कामयाब रहीं, वहीं उनके पति और साथी खिलाड़ी पारूपल्ली कश्यप मौजूदा ओलंपिक चौम्पियन चीन के चेन लोंग से कड़े मुकाबले के बाद करीब से हार गये।

साल 2014 राष्ट्रमंडल खेलों के चौम्पियन कश्यप मैच को तीन गेम तक पहुंचाने में तो सफल रहे लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी से 9–21 21–15 16–21 से हार गये। हालांकि प्रणय का सफर भी दुनिया के नंबर एक जापानी खिलाड़ी के हाथों 11–21 11–21 से हार के बाद खत्म हो गया।समीर वर्मा ने हालांकि शानदार लय जारी रखते हुए चीन के लु गुआंग्जू को 21–15 21–18 से पराजित किया और अब वह दूसरे वरीय चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन और डेनमार्क के जान ओ जोर्गेनसन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता के सामने होंगे।

प्रणव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने 50 मिनट तक चले मुकाबले में हांगकांग की टांग चुन मान और से यिंग सुएट की जोड़ी को 21–17 6–21 21–19 से मात दी।दिन के शुरू में सिंधू ने पहले गेम में शुरू में 3–0 से बढ़त बनाकर आखिर तक इसे बरकरार रखा लेकिन दूसरे गेम में स्कोर एक समय 8–8 से बराबरी पर था जबकि इसके बाद भारतीय खिलाड़ी एक समय 11–15 से पीछे भी थी। पिछले महीने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सिंधू ने हालांकि वापसी करके स्कोर 17–17 किया और फिर मैच अपने नाम करने में देर नहीं लगायी।

## नो बॉल की शिकायत पर अंपायर से भिड़े कैप्टन कूल, लगा मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना

जयपुर। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान मैदानी अंपायर से बहस करने की वजह से मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना देना पड़ा। ऐसा संभवतरू पहली बार हुआ जब 'कैप्टन कूल' ने अपना आपा खोया और अंपायर उल्हास गांधे के फैसले को चुनौती देने डगआउट से निकलकर मैदान पर आ गए। बीसीसीआई ने कहा ,''चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एम एस धोनी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत



जुर्माना लगाया गया। उन्होंने जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन किया।'' गांधे ने रॉयल्स के गेंदबाज बेन स्टोक्स की एक गेंद नोबॉल दी लेकिन स्क्वेयर लेग अंपायर ब्रूस ओक्सेनफोर्ड से मशविरे के बाद फैसला वापिस ले लिया। विज्ञप्ति में कहा गया ,''धोनी ने अपराध और सजा स्वीकार कर ली है।''आईपीएल टीमों की दशा में फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों की जगह जुर्माना भरेगी।

## भारतीय महिला हश्वकी टीम ने जीती श्रृंखला, मलेशिया को 4–0 से हराया

कुआलालम्पुर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने मलेशिया को एक गोल से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 4.0 से जीत दर्ज कर ली। नवजोत कौर ने 35वें मिनट में भारत के लिये एकमात्र गोल दागा भारत ने विरोधी सर्कल में



लगातार हमले बोले लेकिन उन्हें गोल में नहीं बदल सकी। भारतीय टीम के कोच शोर्ड मारिन ने कहा ,''हमें मौकों को गोल में बदलना होगा। मुझे खुशी है कि हमने उनके गोल पर हमले बोले और पेनल्टी कार्नर भी बनाये लेकिन गोल करना भी जरूरी है।''भारत ने इस दौरे पर 3.0, 5.0 और 1.0 से जीत दर्ज करने के अलावा 4.4 से ड्रा खेला। भारतीय टीम शुक्रवार को लौटेगी।

# कैप्टन कूल ने खोया आपा, चेन्नई ने रायल्स को चार विकेट से हराया

जयपुर। मिशेल सेंटनेर ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर आईपीएल मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को राजस्थान रायल्स पर चार विकेट से जीत दिलाई लेकिन इस मैच में संभवतरू पहली बार 'कैप्टन कूल' महेंद्र सिंह धोनी आपा खोते नजर आये। जीत के लिये 152 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई ने छठे ओवर में चार विकेट 24 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद अंबाती रायुडू और महेंद्र सिंह धोनी ने 95 रन की साझेदारी करके टीम को मैच में लौटाया। रायुडू 47 गेंद में 57 रन बनाकर 18वें ओवर में आउट हुए। चेन्नई को आखिरी ओवर में 18 रन की जरूरत थी और बेन स्टोक्स की पहली ही गेंद पर रविंद्र जडेजा ने छक्का लगा दिया। अगली गेंद नो बाल रही और तीसरी गेंद पर धोनी बोल्ड हो गए। चौथी गेंद नो बाल करार दी गई जिसे बाद में वापिस ले लिया गया और अप्रत्याशित रूप से धोनी संभवतरू पहली बार मैदान में उतरकर अंपायरों से बहस करते दिखे। अगली गेंद पर दो रन बने और आखिरी गेंद पर मिशेल सेंटनेर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले चेन्नई ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुएरायल्स को सात विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। जोस बटलर (दस गेंद में 23 रन) को छोड़कर शीर्षक्रम का कोई भी बल्लेबाज नहीं चल सका। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक बार फिर पिच का सही आकलन करके टास जीतने के बाद गेंदबाजी का फैसला किया। बायें हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा (चार ओवर में 20 रन



पर दो विकेट) और मिशेल सेंटनेर (चार ओवर में 25 रन देकर एक विकेट) ने रनगति पर अंकुश लगाया। इमरान ताहिर शुरू में महंगे साबित हुए लेकिन चार ओवर में उन्होंने 28 रन ही दिये।

रायल्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे 14 रन बनाकर दीपक चाहर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। चाहर ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट चटकाये। बटलर ने शरदुल ठाकुर को कुछ चौके जड़े लेकिन उसी की गेंद पर अंबाती रायुडू को कैच दे बैठे। ठाकुर ने चार ओवर में 44 रन देकर दो विकेट लिये। बटलर के आउट होने के बाद रायल्स ने लय खो दी और नियमित अंतराल पर उनके विकेट गिरते हुए। स्टीव स्मिथ 22 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा को डीप मिडविकेट पर ऊंचा शाट खेलने के प्रयास में वह रायुडू को कैच दे बैठे। सैमसन ने स्वीप शाट खेलने के प्रयास में ध्रुव शोरे को कैच थमाया। मध्यक्रम में राहुल त्रिपाठी फिर नहीं चल सके। बेन स्टोक्स ने 26 गेंद में 28 रन बनाये। श्रेयस गोपाल ने सात गेंद में 19 रन बनाकर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया।

## मुक्केबाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचे पिंकी और साक्षी

कोलोन। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता पिंकी रानी (51 किलो) और मौजूदा युवा विश्व चौम्पियन साक्षी (57 किलो) ने कोलोन मुक्केबाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक और पक्के कर दिये। इंडिया ओपन की स्वर्ण पदक विजेता पिंकी रानी ने थाईलैंड की फुनसांग सी को 5 . 0 से हराया।वहीं 18 बरस की साक्षी ने डेनमार्क की सेसिले केले को मात दी। इससे पहले मीना कुमारी 54 किलो और पी बासुमतारी 64 किलो वर्ग में क्रमशः फाइनल और सेमीफाइनल में पहुंच गई।





# सोशल मीडिया पर इस तरह छाया है जैकलीन फर्नांडीज का जलवा

सोशल मीडिया पर सबसे सक्रिय हस्तियों में से एक, जैकलीन फर्नांडीज ने एक प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में सोशल मीडिया पर एक अविश्वसनीय पहचान बनाई है। सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली हस्तियों में एक जैकलीन फर्नांडीज इंस्टाग्राम पर टॉप सोशल मीडिया हैंडल में से एक है। 27 मिलियन से अधिक फॉलोवर्स के साथ, जैकलिन प्लेटफॉर्म का उपयोग न केवल अपने जीवन में अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए करती हैं, बल्कि सामाजिक कल्याण के लिए विचारों को आकार देने के लिए भी करती हैं। एक हालिया अध्ययन में अभिनेत्री के सोशल मीडिया ग्राफ का पता लगाया गया है जो उनके फॉलोवर्स के विश्लेषण को सामने रखता है। जैकलीन की फैन फॉलोइंग सम्पूर्ण देश में बहुत ज़्यादा है लेकिन मुंबई और पुणे में सबसे अधिक है, जिसके बाद पुणे, बंग्लौर और कोलकाता का नंबर आता है। अभिनेत्री न केवल भारत में प्रसिद्ध है, बल्कि दुनिया भर में अभिनेत्री का बोलबाला है। हंसमुख और चुलबुली अभिनेत्री न केवल युवा बल्कि उम्रदराज लोगों के बीच भी प्रसिद्ध है, साथ ही अभिनेत्री को मिलना वाला प्यार और प्रशंसा किसी भी आयु वर्ग तक सीमित नहीं है। जैकलीन फर्नांडीज सोशल मीडिया पर कंटेंट की एक विविध प्रदर्शनी प्रदान करती है क्योंकि अभिनेत्री अपनी फिटनेस शासन के साथ–साथ अपनी प्यारी बिल्लियों से भी प्रशंसकों को मिलवाती रहती है। अपने हिस्से में कई ब्रांड इंडोर्समेंट के साथ, जैकलिन फर्नांडीज कमर्शियल की दुनिया में एक प्रशंसित नाम है। सोशल मीडिया पर जैकलीन की पॉपुलैरिटी को देखते हुए, ब्रांड लगातार उन्हें अपने ब्रांड का चेहरा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अभिनेत्री वर्तमान में सुर्खियों में बनी हुई है क्योंकि वह किक 2 के साथ सलमान खान और साजिद नाडियाडवाला की फ्रेंचाइजी में वापसी करेंगी।

# सॉन्ग वड्डी शराबन में रकुल प्रीत की हॉट अदाओं के दीवाने हुए अजय देवगन

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे का पहला गाना 'वड्डी शराबन' रिलीज हो गया है। इस गाने में अजय रकुल प्रीत के साथ इश्क लड़ाते दिख दे रहे है। सुनिधि चौहान और नवराज हंस ने इस गाने को अपनी मधुर आवाज दी है। साथ ही गाने में अजय देवगन और रकुल प्रीत के बीच की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने की बात करें तो ये एक वेडिंग पंजाबी गाना है। इसमें रकुल प्रीत जबरदस्त अंदाज में झूमकर नाची दिखाई दे रही है। रकुल प्रीत का ये अंदाज से अजय देवगन भी उन पर फिदा होते दिखाई दे रहे है। बता दें कि फिल्म में अजय देवगन का किरदार एक शादी शुदा शख्स का है। जिसको अपने से 26 साल की छोटी लड़की से प्यार होता है। दे दे प्यार दे में तब्बू का किरदार अजय देवगन की पत्नी का है। फिल्म में अजय के कैरेक्टर का नाम आशीष होता है। हाल ही में दे दे प्यार दे का ट्रेलर रिलीज हुआ था। ये ट्रेलर दर्शकों को बहुत पसंद भी आया था। फिल्म अगले महीने 17 मई को रिलीज होगी।



# टमाटर से करें जोड़ों के दर्द का इलाज, इन 6 बीमारियों का भी काल

गलत खान–पान, शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने व हड्डियों से जुड़ी दिक्कतों के चलते लोग गठिया रोग (आर्थराइटिस) के शिकार हो जाते हैं। भारत में जोडों के दर्द से परेशान मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण मरीज को ना सिर्फ असहनीय दर्द का सामना करना पड़ता है बल्कि इस बीमारी के कारण मरीज का चलना–फिरना भी मुश्किल हो जाता है। ये जोड़ों के साथ–साथ रीढ़ की हड्डी को भी प्रभावित करता है। अगर आप भी गठिया की समस्या से जूझ रहे हैं तो इसे दूर करने में टमाटर आपकी मदद कर सकता है। जी हां, आज हम आपको टमाटर की

क्यों होता है गठिया?

यह रोग यूरिक एसिड के बढ़ने से होती है, जिससे छोटे–छोटे क्रिस्टल शरीर के जोड़ों में जमा होने शुरु हो जाते हैं जो बाद में गठिए का रुप ले लेते हैं। इसके कारण जोड़ों में दर्द, अकड़न और सूजन आ जाती है। इसके अलावा जोड़ों में गांठे पड़ जाती हैं, जो रोगी को बहुत दर्द पहुंचाती हैं। गठिया अगर बढ़ जाए तो इससे रोगी को चलने–फिरने में भी परेशानी होने लगती है।

फायदेमंद है टमाटर

टमाटर का इस्तेमाल सब्जी, सूप या सलाद बनाने के लिए किया जाता है



लेकिन आप इससे गठिया दर्द को भी दूर भगा सकते हैं। आयुर्वेद में इसे बीमारियों का काल माना गया है। टमाटर विटामिन सी, लाइकोपीन, विटामिन, पोटैशियम पाया जाता है, जो शरीर के लिए काफी लाभकारी होता है।

कैसे करें इस्तेमाल?

अगर आप भी गठिया की समस्या से जूझ रहे हैं तो टमाटर को अपनी डाइट में शामिल करें। साथ ही टमाटर के जूस में अजवायन मिलाकर रोजाना पीने से भी गठिया दर्द में आराम मिलता है।

अन्य फायदे

–रोजाना सुबह खाली पेट टमाटर का 1 गिलास जूस पीने से वजन घटाने में मदद मिलती है।

–अगर पेट में कीड़े हो जाएं तो सुबह खाली पेट टमाटर में काली मिर्च मिलाकर खाने से फायदा होता है।

–टमाटर में पाए जाने वाले पोषक तत्व जैसे अल्फा–लिपोइक एसिड, लिकोपीन, फॉलिक एसिड और बीटा–केरोटीन प्रोस्टेट कैंसर से बचाव करते हैं।

–पोटेशियम से भरपूर टमाटर का सेवन दिल के रोगों से भी बचाव करता है।

–टमाटर के गूदे में कच्चा दूध व नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरे पर चमक आती है।

–इसके नियमित सेवन से डायबिटीज, आंखों व पेशाब संबंधी रोग, पुरानी कब्ज व चमड़ी के रोगों में फायदा होता है।

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक कपिल देव शुक्ला द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं0:25 लोलेपुर सुलतानपुर उ.प्र0. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट,पो0 व थाना कूरेभार, जिला–सुलतानपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित सम्पादक : **कपिल देव शुक्ला**, मो0 9415739288, 9721748962 सह संपादक : **अंकित "राधे"**
E-mail: kdshukla.79@gmail.com, वेबसाईट : www.kdnewslive.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।